न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रार्थना–पत्र संख्या : 120 / 2023
GCMS NO:- 2023/181

दायर दिनांक: 13.6.2023
पीठासीन अधिकारी :– श्रीमती प्रीति मीणा

मेवालाल आ0 भंवरलाल जाति गुर्जर नि0 नाथडी तहसील नैनवॉ।

–प्रार्थी–

बनाम

श्रीमान भूस्वामी तहसीलदार साहब, तहसील नैनवॉ।

–अप्रार्थी–

प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 251क आर.टी एक्ट

उपस्थिति–

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री कन्हैयालाल गुर्जर।

निर्णय दिनांक 27.08.2025

:–निर्णय–:

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम नाथडी प0म0 खेरूणा तहसील नैनवॉ मे खाता संख्या नया 114 पुराना 65 की कृषि भूमि खसरा संख्या 345 / 207 रकबा 0.1780 हैक्टयर स्थित है जो कि प्रार्थी की खातेदारी आधिपत्य की कृषि भूमि है। उक्त भूमि ग्राम नाथडी के माल मे स्थित है। प्रार्थी अपनी कृषि भूमि पर अपने घर से चलकर गै0मु0 रास्ता जो कि खसरा नम्बर 208 मे स्थित है, से चलकर राजकीय सिवायचक भूमि गै0मु0 बर्डा खसरा नम्बर 427 / 207 मे पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर चलकर अपनी खातेदारी की कृषि भूमि खसरा नम्बर 345 / 207 पर पहुंचता है जो रास्ता करीब 15 फीट चौडा है। इसी रास्ते मे होकर प्रार्थी अपने पूर्वजों के समय से आता जाता है तथा अपने कृषि उपकरणों आदि लाने लें जाने के काम मे लेता चला आ रहा है। इस रास्ते को परिशिष्ट अ मे लाल स्याही से ए से बीत क मार्क कर दर्शाया गया है। प्रार्थी का अपनी खातेदारी आधिपत्य की भूमि पर कृषि कार्य करने हेतु आने जाने का एकमात्र रास्ता है जो कि अवरूद्व हो रहा है। इस रास्ते के अलावा प्रार्थी का अपनी कृषि भूमि पर आने जाने का अन्य कोई रास्ता नही है। रास्ते के अभाव मे प्रार्थी को अपनी खातेदारी भूमि पर कृषि कार्य करने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। इस कारण रास्ता बहाल करवाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। यही प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने का कारण है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 तहसीलदार नैनवॉ की रिपोर्ट पत्रांक / राजस्व / 2025 / 403 दिनांक 13.08.2025 से प्राप्त हो चुकी है।

बहस एकपक्षीय प्रार्थना पत्र सूनी गयी। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र मे वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि ग्राम नाथडी मे स्थित प्रार्थी की भूमि खसरा नम्बर 345 / 207 पर जाने के लिए प्रार्थी गै0मु0 रास्ता जो कि खसरा नम्बर 208 मे स्थित है, से चलकर राजकीय सिवायचक भूमि गै0मु0 बर्डा खसरा नम्बर 427 / 207 मे पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर चलकर अपनी खातेदारी की कृषि भूमि खसरा नम्बर 345 / 207 पर पहुंचता है, जिसे परिशिष्ट अ मे लाल स्याही से दर्शाया गया है, के अनुसार रास्ता दिया जावे। साथ ही निवेदन किया कि श्रीमान तहसीलदार साहब नैनवॉ की रिपोर्ट दिनांक 13.8.2025 के अनुसार यदि प्रार्थी को रास्ता दिया जाता है तो हमे कोई आपत्ती नही होगी।

हमने प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा की गयी एकपक्षीय बहस को ध्यानपूर्वक सूना। पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजो, तहसीलदार नैनवॉ की रिपोर्ट आदि का अवलोकन किया तथा पाया कि प्रार्थी की भूमि खसरा नम्बर 345 / 207 पर जाने के लिए वर्तमान मे कोई रास्ता उपलब्ध नही होने से तहसीलदार नैनवॉ द्वारा प्रेषित रिपोर्ट दिनांक 13.8.2025 अनुसार रास्ता दिया जाना उचित प्रतीत होता है अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नैनवॉ की रिपोर्ट दिनांक 13.8.2025 के अनुसार ग्राम नाथडी स्थित प्रार्थी की भूमि खसरा नम्बर 345 / 207 पर आने जाने के लिए गै0मु0 रास्ता खसरा नम्बर 448 / 427 से खसरा नम्बर 449 / 427 मे से निम्नानुसार रास्ता दिये जाने के आदेश दिया

जाकर नक्शा ट्रेस जिसमे रास्ता दर्शाया गया है, को परिशिष्ट क नाम दिया गया है, जो इस निर्णय का अभिन्न अंग होगा।

रास्ते में प्रयुक्त होने वाली भूमि का विवरणः—

खसरा नं0	खातेदार	किस्म	लम्बाई	x	चौडाई	क्षेत्रफल
449/427	सिवायचक (सरकारी)	गै0मु0 बर्डा	20 फीट	x	15 फीट	300 वर्गफीट

अर्थात 0.0028 हैक्टयर

कुल क्षेत्रफल = 300 वर्गफीट या 0.0028 हैक्टयर

तहसीलदार नैनवॉ को आदेशित किया जाता है कि नियमानुसार प्रतिकर राशि राजकोष में जमा होने के उपरांत परिशिष्ट क के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर मौके पर रास्ता बहाल करें। निर्णय आज दिनांक 27.08.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैंनवा

अधिकारी नैनवा जिला बूंदी ...

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 17/06/2025 04:38:32 PM

जिला : बूँदी

तहसील : नैनवा

भू. अ. नि. क्षेत्र : गुढादेवजी

पटवारी हल्का : खेरूणा

ग्राम : नाथड़ी



खसरा संख्या :208 क्षेत्रफल : 0.2670 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या :1

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान]: गे.मु.रास्ता [0.2670]

राज. सरकार

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

दीपक कुमार शर्मा
पटवारी
प० ह० खेरूणा
तह० नैनवां (बून्दी)

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें।